www.sanjanabharati.com
दिल्ली और गौतम बुद्ध नगर से प्रकाशित। हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड व उत्तराखंड में प्रसारित
facebook.com/Sanjanabharati

SB NEWS

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# संजना भारती

RNI No. : DELHIN/2016/70240

आपका भरोसा, हमारी ताकत



2 बहुसंख्यकों की बात को हिन्दुओं की आवाज...
3 डीएम की अध्यक्षता में हुई जिला गंगा समिति की बैठक
4 आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान...

वर्षः 9 | अंकः 55 | दिल्ली, गुरुवार, 19 दिसम्बर 2024 | पृष्ठ संख्याः 4 | मूल्यः 1 रुपया

## संक्षिप्त समाचार

### वैष्णो देवी रोपवे परियोजना के विरोध में जम्मू-कश्मीर के कटरा में बंद

**जम्मू कश्मीर (एजेन्सी)।** वैष्णो देवी मंदिर के आधार शिविर कटरा में ताराकोट मार्ग को सांझी छत से जोड़ने वाली 250 करोड़ रुपये की प्रस्तावित रोपवे परियोजना के विरोध में बुधवार को बंद रखा गया। यह मार्ग जम्मू कश्मीर के रियासी जिले में स्थित गुफा मंदिर की ओर जाता है। रोपवे से स्थानीय व्यापारियों की आजीविका नष्ट होने की आशंका व्यक्त करते हुए दुकानदारों, टट्टू संचालकों और पालकी मालिकों का प्रतिनिधित्व करने का दावा करने वाली माता वैष्णो देवी संघर्ष समिति ने शहर में विरोध मार्च का नेतृत्व किया और मांग की कि इस परियोजना को रद्द कर दिया जाए। पिछले महीने, श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने गुफा मंदिर तक 13 किलोमीटर लंबे रास्ते पर चढ़ने में कठिनाई महसूस करने वाले वरिष्ठ नागरिकों, बच्चों और अन्य लोगों के लिए मंदिर तक पहुंच को सुगम बनाने के लिए रोपवे स्थापित करने का निर्णय लिया था। रोपवे परियोजना के विरोध में समिति ने विभिन्न संगठनों के सहयोग से शालीमार पार्क से एक बड़ी रैली निकाली। हाथों में तख्तियां लिए और काली पट्टियां बांधे प्रदर्शनकारियों ने मंदिर बोर्ड और परियोजना के खिलाफ नारे लगाए।

### मुंबई में गेटवे ऑफ इंडिया के पास नौका पलटने से एक व्यक्ति की मौत

**मुंबई (एजेन्सी)।** मुंबई में गेटवे ऑफ इंडिया के पास बुधवार को यात्रियों को ले जा रही नौका पलट गई, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, यह घटना उस समय हुई जब नौका गेटवे ऑफ इंडिया से एलीफेंटा द्वीप जा रही थी। इस बीच, पुलिस ने बताया कि अधिकारी घटना की जांच कर रहे हैं। नौका में 56 यात्री सवार थे और अब तक करीब 21 को बचा लिया गया है। नौसेना, जेएनपीटी, तटरक्षक बल, स्थानीय पुलिस और स्थानीय मछली पकड़ने वाली नौकाओं की सहायता से बचाव अभियान अभी चल रहा है। यह घटना बुधवार शाम करीब 4 बजे हुई और अभी तक किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। भारतीय नौसेना, तटरक्षक बल और समुद्री पुलिस के बीच समन्वय में बचाव अभियान शुरू किया गया है।

### राजस्थान के अनेक इलाके शीतलहर व कोहरे की चपेट में

**राजस्थान (एजेन्सी)।** राजस्थान के अनेक इलाकों में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है और लगातार शीतलहर जारी है। जयपुर मौसम केंद्र के अनुसार बीते चौबीस घंटे में राज्य में मौसम आमतौर पर शुष्क रहा। इस दौरान कहीं-कहीं शीतलहर से अति शीतलहर दर्ज की गयी। पूर्वी राजस्थान में कहीं-कहीं कोहरा भी छाया रहा। इस दौरान सबसे कम न्यूनतम तापमान सीकर के फतेहपुर में 0.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा संगरिया में न्यूनतम तापमान 1.3 डिग्री, चुरू में 1.8 डिग्री, नागौर में 1.9 डिग्री, सीकर में 2.8 डिग्री, करौली में 3.4 डिग्री, पिलानी में 4.1 डिग्री व बीकानेर में 5.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम केंद्र के अनुसार आगामी चार पांच दिन राज्य में मौसम पूरी तरह शुष्क रहेगा हालांकि एक कमजोर पश्चिम विक्षोभ के प्रभाव से न्यूनतम तापमान में औरगिरावट आने की संभावना है।

### मारुति सुजुकी बिहार के पांच जिलों में ड्राइविंग लाइसेंस परीक्षण ट्रैक स्वचालित करेगी

**बिहार (एजेन्सी)।** वाहन विनिर्माता मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने बिहार के भागलपुर, दरभंगा, गया, पूर्णिया और सारण में ड्राइविंग लाइसेंस परीक्षण ट्रैक को स्वचालित करने के लिए राज्य सरकार के साथ समझौता किया है। मारुति ने बुधवार को बयान में कहा कि मानवीय हस्तक्षेप से रहित स्वचालित ड्राइविंग परीक्षण ट्रैक की स्थापना का उद्देश्य लाइसेंस परीक्षण को अधिक व्यापक, कुशल और पारदर्शी बनाना है। एमएसआई के कार्यकारी अधिकारी (कॉरपोरेट मामले) राहुल भारती ने कहा कि कंपनी 2018 से ही बिहार सरकार के साथ जुड़ी हुई है और अब पांच नए जिलों में इन स्वचालित ट्रैक का विस्तार किया जा रहा है।

### डॉ. भीमराव अंबेडकर को लेकर एक बयान ने सियासी तापमान बढ़ाया

# बाबा साहब के न रहने के बाद भी कांग्रेस ने कभी बाबा साहब को इज्जत नहीं दीः अमित शाह

(एजेन्सी)।

**नई दिल्ली।** संसद में डॉ. भीमराव अंबेडकर को लेकर एक बयान ने सियासी तापमान बढ़ा दिया है। कांग्रेस समेत विपक्षी दलों ने संसद में जमकर हंगामा किया। इस बीच गृह मंत्री अमित शाह ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस किया है। अमित शाह के साथ बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा, संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू, पीयूष गोयल, सूचना प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव भी मौजूद रहे।

अमित शाह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा कि संसद के दोनों सदनों में संविधान को स्वीकार करने के 75 साल के मौके पर संविधान की रचना, संविधान निमार्ताओं का योगदान और संविधान में प्रस्तावित किए गए आदर्शों पर एक गौरवमयी चर्चा का आयोजन संसद के द्वारा किया गया। उस चर्चा में 75 साल की देश की गौरव और विकास यात्रा व उपलब्धियों की भी चर्चा होनी थी। ये तो स्वभाविक है कि जब लोकसभा-राज्यसभा में पक्ष-विपक्ष होते हैं तो हर मुद्दे पर लोगों का नजरिया अलग अलग होता है। दलों का नजरिया अलग होता है। लेकिन संसद जैसे देश के लोकतांत्रिक फरोम में जब चर्चा होती है तो इसमें एक बात कॉमन होती है कि बात तथ्य के आधार पर होनी चाहिए और बात सत्य के आधार पर होनी चाहिए।

अमित शाह ने कहा कि कल से कांग्रेस पार्टी ने जिस तरह से तथ्यों को तोड़ मरोड़ कर रखने का प्रयास किया। ये अत्यंत निंदनीय है। ये क्यों हुआ क्योंकि बीजेपी के वक्ताओं ने संविधान पर संविधान की रचना के मूल्यों पर और जब जब कांग्रेस व बीजेपी का शासन रहा तब शासन ने संविधान के मूल्यों का किस तरह से मूल्यांकन, संरक्षण किया और संवर्धन किया इस पर फैक्ट के साथ



भारतीय जनता पार्टी के वक्ताओं ने अनेक उदाहरणों के साथ जनता के सामने विषय रखे। उसमें ये तय हो गया कि कांग्रेस आंबेडकर विरोधी पार्टी है। कांग्रेस आरक्षण विरोधी पार्टी है। कांग्रेस संविधान विरोधी पार्टी है। कांग्रेस ने सावरकर का अपमान किया। आपतकाल डाल कर संविधान के सारे मूल्यों की धज्जियां उड़ा दी। नारी सम्मान को दरकिनार किया। न्यायपालिका का हमेशा अपमान किया। सेना के शहीदों का अपमान किया।

भारत की धूमि को भी संविधान तोड़कर विदेशी देशों को देने की हिमाकत कांग्रेस शासन में हुई। जब ये पूरा सत्य उजागर हो गया तो कल से कांग्रेस ने फिर एक बार अपनी पुरानी पद्दति को आजमाते हुए बातों को तोड़ मरोड़कर और असत्य को सत्य के कपड़े पहनाकर समाज में अशांति फैलाने का एक प्रयास किया है।

अमित शाह ने कहा कि बाबा साहब के न रहने के बाद भी कांग्रेस ने कभी बाबा साहब को इज्जत नहीं दी। पंडित जी (नेहरू) की कितनी ही किताबों में लिखा है कि उन्होंने कभी बाबा साहब को सही जगह नहीं दी। कांग्रेस ने बाबा साहब को भारत रत्न नहीं दिया। पंडित नेहरू ने खुद को भारत रत्न दिया।



हैदराबाद में सिकंदराबाद स्थित राष्ट्रपति निलयम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु विभिन्न पहलों का शिलान्यास करती हुईं।

# राज्य में अगले साल जनवरी से समान नागरिक संहिता लागू हो जाएगीः धामी

(एजेन्सी)।

**उत्तराखंड।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि राज्य में अगले साल जनवरी से समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू हो जाएगी। देहरादून में उत्तराखंड निवेश और आधारिक संरचना विकास बोर्ड की बैठक के दौरान धामी ने कहा कि राज्य सरकार अपने संकल्प के अनुसार, समान नागरिक संहिता लागू करने की दिशा में 'होमवर्क' पूरा कर चुकी है और जनवरी 2025 से इसे पूरे प्रदेश में लागू कर दिया जाएगा। हम आपको बता दें कि यूसीसी लागू होने के साथ ही उत्तराखंड आजादी के बाद समान नागरिक संहिता लागू करने वाला देश का पहला प्रदेश बन जाएगा।

वर्ष 2022 में हुए विधानसभा चुनावों के लिए प्रचार के अंतिम दिन मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड की जनता से वादा किया था कि अगर उनकी पार्टी की सत्ता बरकरार रही, तो प्रदेश में यूसीसी लागू किया जाएगा। इस संबंध में धामी ने कहा कि मार्च 2022 में उत्तराखंड में नयी सरकार बनने के बाद मंत्रिमंडल की पहली बैठक में ही प्रदेश में यूसीसी लागू



करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति गठित करने का निर्णय लिया गया था।

उन्होंने कहा कि इसी क्रम में सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया, जिसकी रिपोर्ट के आधार पर सात फरवरी 2024 को राज्य विधानसभा में समान नागरिक संहिता विधेयक-2024 पारित किया गया। धामी ने कहा कि विधेयक पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की सहमति मिलने के बाद 12 मार्च 2024 को इसकी अधिसूचना जारी की गई। उन्होंने कहा कि अब समान नागरिक संहिता अधिनियम की नियमावली भी तैयार कर ली गई है और उत्तराखंड जनवरी से यूसीसी को लागू करने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

मुख्यमंत्री ने कहा, ''उत्तराखंड का समान नागरिक संहिता कानून 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' की मूल भावना पर अमल करते हुए समाज को नयी दिशा देगा। यह कानून खासकर देवभूमि की महिलाओं और बच्चों के सशक्तिकरण के नये द्वार खोलेगा।'' उन्होंने अधिकारियों को यूसीसी के प्रावधान लागू करने के लिए कर्मियों को समुचित प्रशिक्षण देने के साथ ही सभी तरह की आधारभूत सुविधाएं जुटाने के निर्देश देते हुए कहा कि अधिक से अधिक सेवाओं को ऑनलाइन रखते हुए जनसामान्य की सहूलियत का ख्याल रखा जाए। धामी ने कहा कि जनसामान्य की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए एक पोर्टल और मोबाइल ऐप भी तैयार किया गया है, ताकि पंजीकरण और अपील सहित अन्य सुविधाएं ऑनलाइन माध्यम से उपलब्ध हो सकें।

# शरद पवार किसानों के एक समूह के साथ प्रधानमंत्री मोदी से मिले



संजना भारती/पीआईबी

**नई दिल्ली।** राज्यसभा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार किसानों के एक समूह के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में लिखा-'राज्यसभा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार ने किसानों के एक समूह के साथ आज प्रधानमंत्री @narendramodi से मुलाकात की।

### प्रियंका गांधी वाड्रा, मनीष तिवारी होंगे एक राष्ट्र एक चुनाव समिति में शामिलः सूत्र

(एजेन्सी)।

**नई दिल्ली।** सूत्रों ने बताया कि एक राष्ट्र एक चुनाव समिति में लोकसभा से प्रियंका गांधी वाड्रा, मनीष तिवारी, सुखदेव भगत और राज्यसभा से रणदीप सुरजेवाला शामिल होंगे। मंगलवार को तीखी बहस के बाद लोकसभा में एक साथ चुनाव कराने की व्यवस्था वाले दो विधेयक पेश किए गए। विपक्ष ने इस कदम को तानाशाहीपूर्ण बताया जबकि कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि यह कानून राज्यों को प्राप्त शक्तियों से छेड़छाड़ नहीं करेगा। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल ने करीब 90 मिनट की बहस और मत विभाजन के बाद संविधान (129वां संशोधन) विधेयक लोकसभा में पेश किया। विधेयक के पक्ष में 269 और विपक्ष में 198 सदस्यों ने मतदान किया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री मनीष तिवारी ने विधेयक को संविधान के खिलाफ बताया। उन्होंने कहा कि अनुसूची 7 से परे मूल ढांचा है जिसे बदला नहीं जा सकता और विचाराधीन विधेयक संविधान पर हमला है।

# ओम बिरला ने विकास और स्थिरता के बीच संतुलन रखने का आह्वान किया

(एजेन्सी)।


**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नई दिल्ली में बुधवार को जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने के लिए विकास और स्थिरता के बीच संतुलन बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन विश्व की बड़ी चुनौतियों में से एक है और इससे निपटने में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा परिकल्पित मिशन लाइफ-लाइफ फॉर एनवायरनमेंट सबसे सक्षम रणनीति है।

श्री बिरला संसद भवन परिसर में भारतीय वन सेवा के 2023-25 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों के समूह को संसदीय प्रक्रियाओं और कार्यपद्धतियों से अवगत कराने के पाठ्यक्रम के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। यह पाठ्यक्रम लोकसभा सचिवालय के संसदीय लोकतंत्र अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

श्री बिरला ने कहा कि भारतीय वन सेवा की जलवायु परिवर्तन की चुनौती कम करने के अभियान के नेतृत्व की अंतर्निहित जिम्मेदारी है। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों से देश के वन क्षेत्र को विस्तारित करने और वन्यजीवों की सुरक्षा के दृढ़ता से प्रयास



करने को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में प्रकृति का सम्मान होता है, हम पेड़ों को पूजते हैं और धरती को अपनी मां समझते हैं। उन्होंने कहा कि प्रकृति के प्रति इसी गहरे सम्मान ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति हमारी प्रथाओं और नीतियों को स्वरूप दिया है। इससे देश में अधिक संख्या में वन उद्यान बने हैं और वन क्षेत्रों को विकसित करने के विभिन्न नीतिगत प्रयास किए गए हैं। इनसे इन क्षेत्रों में पर्यटन को भी बढ़ावा मिला है। श्री बिरला ने बताया कि संसद में वन्यजीव संरक्षण और पर्यावरण असंतुलन से संबंधित मुद्दों पर नियमित रूप से चर्चा होती है।




### नायब सरकार का गौ संरक्षण पर विशेष फोकस

# हरियाणा सरकार ने गौशालाओं को चारे के लिए दी जाने वाली अनुदान राशि को बढ़ाया पाँच गुणा

एसबी संवाददाता

**चंडीगढ़।** हरियाणा को बेसहारा गौवंश मुक्त प्रदेश बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा समर्पित प्रयास किए जा रहे हैं। गौशालाओं के विकास और गौ वंश के कल्याण के लिए प्रदेश सरकार लगातार बजट में बढ़ौतरी कर रही है। इसी कड़ी में गोवंश की देखभाल हेतु राज्य सरकार ने गौ शालाओं को दी जाने वाली प्रतिदिन चारा राशि में पांच गुणा वृद्धि की है। सरकारी प्रवक्ता ने इस संबंध



में जानकारी देते हुए बताया कि सरकार के निर्णय के अनुसार अब, गौशालाओं को प्रति गाय 20 रुपये प्रतिदिन, नंदी के लिए 25 रुपये प्रतिदिन तथा बछड़ा/बछड़ी के लिए 10 रुपये प्रतिदिन चारे के लिए अनुदान के रूप में दिये जाएंगे। इसके लिए 211 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया गया है।

प्रवक्ता ने बताया कि सरकार का ध्येय लोगों में जागरूकता बढ़ाकर गौमाता व गोवंशों को सड़कों पर छोड़ने की बजाए पास की गौशालाओं में पहुंचाना है।

### फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म से खाना मंगाना हो सकता है सस्ता

(एजेन्सी)।

**नई दिल्ली।** आजकल फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म या एप्स से खाना मंगवाना काफी आम हो गया है। लोग झट से ऑर्डर कर अपनी फेवरेट डिश मंगवा लेते है। अब यूजर्स को फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म या एप्स से खाना मंगवाना सस्ता पड़ सकता है। इसके पीछे जीएसटी काउंसिल एक कारण हो सकती है। दरअसल माना जा रहा है कि जोमैटो और स्विगी जैसे प्लेटफॉर्म को राहत मिलने की उम्मीद है। जीएसटी परिषद जोमैटो और स्विगी जैसे फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म के लिए खुशखबरी ला सकती है। इस संबंध में कई रिपोर्ट सामने आई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म के लिए जीएसटी में कटौती हो सकती है। सीएनबीसी टीवी 18 की रिपोर्ट के अनुसार, परिषद खाद्य वितरण शुल्क पर जीएसटी को घटाकर 5 प्रतिशत कर सकती है। वर्तमान में यह 18 प्रतिशत कर स्लैब के अंतर्गत आता है। परिषद की बैठक शनिवार, 21 दिसंबर को राजस्थान के जैसलमेर में होने वाली है और तब निर्णय की घोषणा की जा सकती है। रिपोर्ट के अनुसार, कर कटौती 1 जनवरी, 2022 से पूर्वव्यापी रूप से लागू होगी। हालांकि, इस सब में एक चेतावनी है। कर में कमी का मतलब है कि खाद्य वितरण कंपनियां अब जीएसटी दाखिल करते समय इनपुट टैक्स क्रेडिट का दावा करने के लिए पात्र नहीं होंगी। लेकिन फिर भी यह सरकार द्वारा पूरी की गई एक बड़ी मांग है क्योंकि उद्योग जीएसटी दरों के मामले में रेस्तरां के बराबर लाने की मांग कर रहा है।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई जिला गंगा समिति की बैठक



**एसबी ब्यूरो प्रमुख इंतजार हुसैन**

**बदायूं।** बायोडायवर्सिटी पार्क का समिति से कराए निरीक्षण जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेई सभागार में जिला गंगा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए सोत नदी को पुनर्जीवित करने के लिए कार्य योजना बनाने के लिए कहा। उन्होंने गंगा ग्रामों का पुनः सर्वेक्षण कर अगर कोई ग्राम छूट गया है तो उसको भी जोड़ने के लिए कहा वहीं उन्होंने महाकुंभ 2025 के लिए कार्य योजना बनाने तथा नगरीय निकायों व ब्लॉकों में निगरानी समिति को एक्टिव करने के लिए कहा।

जिलाधिकारी ने कहा कि मां गंगा को निर्मल व अविरल बनाए जाने हेतु महाकुंभ 2025 कार्य योजना संबंधित विभागीय अधिकारी बनाएं तथा ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में गठित की गई निगरानी समितियां को एक्टिव मोड में लाएं। उन्होंने सोत नदी को पुनर्जीवित करने के लिए कार्य योजना बनाकर गंभीरता पूर्वक कार्य करने के लिए कहा। जिलाधिकारी ने भागीरथी गंगा घाट कछला के पर्यटन विकास हेतु कार्य योजना बनाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने वन विभाग द्वारा दहेमू में 50.03 हेक्टेयर में रुपए 6.65 करोड़ की लागत से बनाए जा रहे बायो डायवर्सिटी पार्क के लिए गठित समिति का निरीक्षण कराने के लिए कहा। वन विभाग के अधिकारी ने बताया कि 2026-27 तक यह कार्य पूर्ण किया जाना है, जिसके लिए 152 लाख रुपए निर्गत भी हो चुके हैं।

जिलाधिकारी ने पंचायती राज विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि वह 15 ग्रामों को चिन्हित कर वहा आरआरसी को पुनः एक्टिव करें तथा यह कार्य आगामी 31 दिसंबर तक पूर्ण कर 01 जनवरी को आख्या प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि जनपद के 41 ग्राम गंगा ग्राम है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि गंगा ग्रामों का पुनः सर्वेक्षण कर लिया जाए। अगर कोई ग्राम गंगा ग्राम में आने से छूट गया है तो उसको सम्मिलित किया

**गंगा ग्रामों का पुनः कराए सर्वेक्षण**

जा सकता है। लघु सिंचाई विभाग के अधिकारी ने बताया कि उनके विभाग द्वारा 39 उच्च व प्राथमिक द्यिालयों में रूफटॉप वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य कराया गया है। बैठक में विभिन्न विभागीय अधिकारियों द्वारा अब तक किए गए कार्यों के बारे में जानकारी दी गई।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार, जिला वन अधिकारी प्रदीप वर्मा, अधिशासी अभियंता बाढखंड उमेश चंद्र, जिला सूचना अधिकारी आशुतोष चन्दोला, डीपीओ अनुज सिंह सहित अन्य अधिकारीगण व समिति सदस्य मौजूद रहे।

# डीएम ने किया रैन बसेरो व अलाव का निरीक्षण, जरूरतमंदों को वितरित किए कंबल



**एसबी ब्यूरो प्रमुख इंतजार हुसैन**

**बदायूं।** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने अधिकारियों के साथ मंगलवार की देर रात्रि में बस स्टैंड पर रैन बसेरो के निरीक्षण करते हुए यहां ठहरे हुए लोगों से व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी देते हुए जरूरतमंदों को कंबल भी वितरित किए। इसके अलावा पुराने बस स्टैंड के पीछे बने वसेरे, रेलवे स्टेशन, नई सराय नवादा काली सड़क लालपुल सहित विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को रोजाना रात में रैन बसेरों व अलाव के निरीक्षण का निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने खुले में सोने वालों को हर हाल में रैन बसेरों में पहुंचाने को कहा है। डीएम ने जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरित करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि चिन्हित सभी चौराहों पर अलाव की व्यवस्था रहे। कोई भी खुले में सोने ना पाए, उसको रैन बसेरे में भेजा जाए। रैन बसेरे में ठहरे हुए लोगों से डीएम ने उनको मिलने वाली सुविधाओं के बारे में भी बताया। वहीं विभिन्न चौराहा पर खुले में सो रहे लोगों को भोजन कराकर रेन बसेरो में भेजे। इस अवसर पर अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# कडली कैटरपिलर स्कूल का पन्द्रहवां वार्षिकोत्सव धूमधाम से सम्पन्न



**एसबी संवाददाता**

**वाराणसी।** पिछले वर्ष की भाँति इस वर्ष भी हमारे कडली कैटरपिलर स्कूल का पंद्रहवां वार्षिकोत्सव बड़े ही धूमधान से शुभम लॉन, महमूरगंज में मनाया गया। हमारे चेयरमैन श्री संदीप किशोर चौरसिया' जी ने मुख्य अतिथि डॉ. अतुल अंजन त्रिपाठी (ACP सारनाथ) को स्मृति चिन्ह देकर कार्यक्रम में सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम की शुरूवात की। उन्होंने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की और निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

इस वर्ष हमारे विद्यालय ने चौदह वर्ष पूरे किये हैं। हमारे कार्यक्रम का विषय है KADAM - The first step इन चौदह वर्षों में विद्यालय ने वाराणसी में अपना एक अहम मुकाम हासिल किया है। हमारे विद्यालय ने बच्चों के पहले कदम को निरंतर अग्रसर करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। हम आगे भी प्रयासरत रहेगें।

बच्चों ने अपने रंगारंग प्रस्तुति से चारों ओर इंद्र धनुषी रंगों की बाँधार कर दी। अभिभावकों ने अपने तालियों की गडगडाहट से बच्चों का उत्साहवर्द्धन किया। इस कार्यक्रम में जगत किशोर चौरसिया और श्रीमति लक्ष्मी चौरसिया ने भी शिरकत की।

# समाज निर्माण में वरिष्ठ नागरिकों की भूमिका अहम, इनका सम्मान जरूरी: चंद्रप्रकाश

**एसबी संवाददाता**

**तेघड़ा/बेगूसराय।** 143 विधानसभा क्षेत्र से समाजसेवी सह एयरफोर्स से सेवानिवृत्त वरीय पदाधिकारी चंद्रप्रकाश सिंह उर्फ आनंद जी ने विधानसभा क्षेत्र में वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह सह नववर्ष 2025 कलैंडर वितरण कार्यक्रम आयोजित करेंगे। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों को घर-घर जाकर उन्हें सम्मानित करेंगे। एवं नववर्ष का कलैंडर भी उन्हें भेंट करेंगे। श्री सिंह ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक हमारे समाज के सम्माननीय अंग है। उनका सम्मान हमारी सामाजिक सभ्यता का परिचायक है। आज देश भर में आजादी का अमृत महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा



है। लेकिन अगर देखा जाए तो उसकी नींव रखने वाले ये हमारे वरिष्ठ नागरिक ही हैं इसलिए वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान सबसे जरूरी है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिक हमारे समाज के आधार स्तंभ है।

# आपसी प्रतिस्पर्धा से मिलती है जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा: बीडीओ

## आर एल महतो बीएड कॉलेज में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन



**एसबी ब्यूरो प्रमुख/मिन्टू कुमार**

**दलसिंहसराय।** स्थानीय आर एल महतो इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशन में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखण्ड विकास पदाधिकारी मनीष कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस क्रम में उपस्थित प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि दलसिंहसराय प्रखण्ड विकास पदाधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि प्रतियोगिताओं के आयोजन से छात्र छात्राओं का मानसिक विकास होता है। आपसी प्रतिस्पर्धा होने से जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. धर्मेन्द्र कुमार ने आज के समय को संघर्ष एवं प्रतिस्पर्धा का बताते हुए कहा कि प्रशिक्षुओं के लिए यह तप का काल है। विद्यार्थियों के लिए यह समय अध्ययन और लगन से कार्य करने का समय है। व्याख्याता आकांक्षा कुमारी ने कहा कि जीवन ही एक परीक्षा है उसमें प्रवीण बनने का निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। विद्यार्थियों के लिए सहनशीलता, कर्तव्यनिष्ठा एवं ईमानदारी ही उनका आभूषण है।

वहीं योगेश कुमार ने पढ़ाई लिखाई को नियमित अभ्यास की प्रक्रिया बताया। प्रतियोगिता के वर्ग बीएड प्रथम वर्ष से कंचन कुमारी, सौम्या सलोनी, संदीप कुमार ने; द्वितीय वर्ष से श्रवण कुमार, काजल कुमारी, पंकज कुमार ने एवं डीएलएड प्रथम वर्ष से पंकज कुमार, रूपा कुमारी, पल्लवी कुमारी ने द्वितीय वर्ष से नसरीन परवीन, नाज खातून, राजू रजक ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर सफलता प्राप्त किया। सभी सफल प्रतिभागियों को मोमेंटो, मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम अंतर्गत अमीषा, खुशी, निधि, शिल्पी, अनुभवी, काजल, रूपा आदि प्रशिक्षुओं ने भी शिक्षाप्रद प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में मंच संचालन निर्मल कुमार चंचल ने किया।

इस क्रम में केशव कुमार चौधरी, डॉ. सविता कुमारी, उमा शंकर चंदन, योगेश कुमार, सर्वेश सुमन, नीलम कुमारी, रूपम कुमारी, रूपक कौशल, संतोष सुमन सहित अन्य प्रशिक्षु छात्र अध्यापक एवं अध्यापिकाएं उपस्थित थे।

# अकबरनगर नगर पंचायत में दिन में जलती हाई मास्क लाइट

**एसबी संवाददाता**

**अकबरनगर।** नगर पंचायत में रात के समय गलियों में प्रकाश की व्यवस्था करने के लिए सांसद मद की ओर से चार जगहों पर हाई मास्क लाइट व नगर पंचायत प्रशासन द्वारा स्ट्रीट लाइटे लगाई गई है। जिसके चलते नगर की कई गलियों व चौराहों में रात के समय आवाजाही सुचारु हो गई है। लेकिन रात के साथ ही नहीं, दिन में भी इन लाइटों के जलते रहने से बेवजह बिजली की खपत तो हो ही रही है।



वहीं नपं प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहा है। लोगों का कहना है कि करीब एक महीने से आलमगीरपुर में अमिया घाट जाने वाले रास्ते पर सड़क किनारे लगा हाई मास्क रात के साथ दिन में भी जलते रहता है।

नपं प्रशासन को स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त कर इन्हें दिन में नहीं जलने दें। वहीं श्रीरामपुर में राधा कृष्ण मंदिर के पास हाई मास्क लाइट में लगे दस लाइटों में महज 5 ही जलते है। इस सम्बंध में चेयरमैन प्रतिनिधि अंजीत कुमार ने बताया कि सभी लाइटों के रखरखाव व मरम्मती के लिए कर्मियों की नियुक्ति की गई है। नपं में तीन और हाई मास्क लाइट लगनी है। इसी दौरान तकनीकी समस्या से दिन में जल रहे हाई मास्क लाइट को ठीक करा दिया जाएगा।

# हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के आम चुनाव की तारीख घोषित

## 19 जनवरी 2025 को, 20 दिसंबर से 28 दिसंबर 2024 तक भरे जाएंगे नामांकन

**एसबी विशेष संवाददाता**

**करनाल।** उपमंडल अधिकारी एवं हरियाणा गुरूद्वारा प्रबंधक समिति, वार्ड न0-17 के रिटर्निंग अधिकारी अनुभव मेहता ने बताया कि वार्ड न0-17, निसिंग हरियाणा सिख गुरूद्वारा प्रबंधक समिति के आम चुनाव 19 जनवरी 2025 को होने निश्चित हुए हैं। इस चुनाव के लिए नामांकन पत्र खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी, निसिंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी अथवा रिटर्निंग अधिकारी को 20 दिसंबर से 28 दिसंबर 2024 तक, लोक अवकाश 22 दिसंबर 2024 व 25 दिसंबर 2024 को छोडकर, किसी भी दिन प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक उपमंडल अधिकारी के न्यायालय कक्ष, लघु सचिवालय कमरा न0 16 में जमा करवाए जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की छंटनी का कार्य 30 दिसंबर 2024 को किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि रिटर्निंग अधिकारी के निर्णय के विरूद्ध सुनवाई 31 दिसंबर 2024 को उपायुक्त के समक्ष की जा सकेगी। जिसके संबंध में उपायुक्त द्वारा 1 जनवरी 2025 को निर्णय लिया जाएगा। अंतिम रूप से वैध नामांकन पत्रों की सूची 1 जनवरी 2025 को जारी की जाएगी। 2 जनवरी 2025 को दोपहर 3 बजे तक नामांकन पत्र वापिस लिए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि 19 जनवरी 2025 को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान करवाया जाएगा। मतदान समाप्ति के तुरंत बाद संबंधित मतदान केंद्रों पर मतगणना की जाएगी।

# सुशासन सप्ताह मनाते हुए हर गांव में सुनी जाएंगी समस्याएं: उत्तम सिंह

## 19 से 24 दिसंबर तक 'प्रशासन गांव की ओर' चलाया जाएगा अभियान

**एसबी विशेष संवाददाता**

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार 19 दिसंबर से 24 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह मनाते हुए 'प्रशासन गांव की ओर' विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत विभिन्न विभागों के अधिकारी जिला के प्रत्येक गांव को कवर करेंगे और लोगों की समस्याओं को सुनेंगे। इन समस्याओं के निपटान के लिए जिला परिषद के सीईओ गौरव कुमार को नोडल अधिकारी बनाया गया है।



उपायुक्त ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य है कि सरकार द्वारा जनहित में चलाई गई योजनाओं का लाभ समय पर मिले और जनता की समस्याओं का निपटान भी तय समय में हो। इस अभियान को सफल बनाने के लिए अधिकारियों की ड्यूटियां लगा दी गई हैं। गांवों में जन प्रतिनिधि, खंड विकास एवं पंचायत विभाग तथा राजस्व विभाग के साथ-साथ अन्य विभाग भी आमजन के बीच पहुंचकर समस्याएं सुनेंगे और मौके पर इन समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करेंगे।

इन समस्याओं का पूरा रिकॉर्ड जिला स्तर पर भी एकत्रित किया जाएगा, इसके लिए जिला परिषद के सीईओ गौरव कुमार को निर्देश दिए गए हैं।

# मिलावटी खाद्य सामग्री बेचकर जिंदगियों के साथ खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ हो सख्त कार्रवाई: राजेश नागर

## कैबिनेट मंत्री ने कुरुक्षेत्र में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक की

**एसबी संवाददाता**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री राजेश नागर ने कहा कि मिलावटी खाद्य सामग्री बनाने और बेचने वालों को किसी भी कीमत पर लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा। जो भी व्यक्ति मिलावटी खाद्य सामग्री बनाएगा या बेचेगा उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। श्री नागर बुधवार को कुरुक्षेत्र स्थित नए लघु सचिवालय के सभागार में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे।

इससे पहले कैबिनेट मंत्री श्री राजेश नागर ने एजेंडे की 14 शिकायतों पर सुनवाई करते हुए सात शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया और शेष शिकायतों पर संबंधित विभागों के अधिकारियों को जल्द से जल्द कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं। राज्य मंत्री ने सेक्टर तीन में रहने वाले प्रेमचंद की शिकायत पर कड़ा संज्ञान लेते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र में जिस व्यक्ति ने मिलावटी पनीर बनाया है उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इस मामले में इंस्पेक्टर डा.अमित कुमार ने अपनी रिपोर्ट रखते हुए जानकारी दी कि सेक्टर तीन में मिलावटी और नकली पनीर बनाने वाले के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है और तीन सैम्पल जांच के लिए लैब में भेजे हैं।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि यदि सैम्पल फेल आते है तो दोषी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही इस मामले में प्रशासन भी जल्द अपनी रिपोर्ट सौंपे ताकि नियमानुसार दोषी के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही प्रावधान के अनुसार दस लाख रुपए तक का जुर्माना भी लगाया जाए। कैबिनेट मंत्री ने गांव उमरी निवासी अमरीक सिंह की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए उपायुक्त को निर्देश दिए कि गुराया फार्म में चार परिवारों में 26 सदस्यों को पीने का पानी उपलब्ध करवाने के लिए टयूबल लगवाने की अनुमति दे। साथ ही पंचायत विभाग की तरफ से टयूबल लगाया जाए।

इसी तरह कुरुक्षेत्र में अतिक्रमण हटाने का मामला, अस्पताल संचालक के खिलाफ कार्रवाई करने का मामला, एक्सईएन के खिलाफ कारण बताओ नोटिस, जमीन का कब्जा नहीं छोड़ने वाले मामले में एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता और नागरिक उपस्थित रहे।

# सीआईएसएफ ने 29वीं अंतर सीएपीएफ वाद-विवाद प्रतियोगिता में जीती ट्रॉफी

**एसबी संवाददाता**

**चंडीगढ़।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने एक बार फिर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के तत्वावधान में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) द्वारा अटल अक्षय ऊर्जा भवन, लोधी रोड, नई दिल्ली में आयोजित 29वीं अंतर सीएपीएफ वाद-विवाद प्रतियोगिता में ओवरऑल बेस्ट टीम रोलिंग ट्रॉफी जीती है।

सीआईएसएफ यूनिट पंजाब एवं हरियाणा के सीनियर कमांडेंट श्री वाईपी सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पंजाब यह जीत सीआईएसएफ द्वारा इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी की 10वीं सफल जीत है और यह बल के निरंतर प्रदर्शन और बौद्धिक क्षमता को भी प्रदर्शित करती है। प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली यह प्रतियोगिता कर्मियों के लिए मानवाधिकार मुद्दों के बारे में अपने ज्ञान और समझ को प्रदर्शित करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करती है।

प्रतियोगिता में एसआई/एक्सई राहुल कुमार और असिस्टेंट कमांडेंट कान्हा जोशी ने हिंदी भाषा वर्ग में क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि अंग्रेजी भाषा वर्ग में असिस्टेंट कमांडेंट अक्षय बडोला और असिस्टेंट कमांडेंट भास्कर चौधरी ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया।

उन्होंने बताया कि सभी आठ सीएपीएफ अर्थात सीआरपीएफ, बीएसएफ, सीआईएसएफ, आईटीबीपी, एसएसबी, एनएसजी, आरपीएफ और असम राइफल्स ने प्रतियोगिता में भाग लिया।

# भारत विकास परिषद श्री राधा कृष्ण शाखा ने अपना आशियाना में की भोजन वितरण की सेवा

**एसबी विशेष संवाददाता**

**करनाल।** भारत विकास परिषद श्री राधा कृष्ण शाखा की ओर से अपना आशियाना (बेसहारों का अपना घर) में भोजन वितरण की सेवा की गई। श्री राधा कृष्ण शाखा सदैव से सामाजिक कार्यों में अग्रणी रही है तथा विभिन्न प्रकार के सेवा और संस्कार के प्रकल्प करती रही है। यह सेवा प्रकल्प प्रांतीय संयोजक( युवा संस्कार) प्रियंका कठपाल के मार्गदर्शन में और शाखा अध्यक्ष उमेश तनेजा की अध्यक्षता में किया गया। प्रियंका कठपाल ने यह प्रकल्प करते हुए कहा की हमारी संस्कृति में नर सेवा, नारायण सेवा मानी गई है। किसी जरूरतमंद की सेवा साक्षात ईश्वर की सेवा के समान है उन्होंने अपना आशियाना के मुख्य सेवादार राजकुमार अरोड़ा और पाल जी की प्रशंसा करते हुए कहा की उनके द्वारा की जा रही सेवा का कोई सानी नहीं। उमेश तनेजा ने बताया कि शाखा पहले भी अपना आशियाना में सेवा करते करती रही है और आगे भी करती रहेगी। शाखा उपाधायक्ष प्रमोद नागपाल के सहयोग से अपना आशियाना में खाद्य सामग्री जिसमे 30 किलो चीनी,



काले चने, राजमाँह भी उपलब्ध कराए गए। भोजन वितरण के समय शाखा के अन्य सदस्य अनिल अरोड़ा, निधि चौधरी, अजय चौधरी, सरिता तनेजा ने भी सहयोग दिया। उमेश तनेजा ने सहपरिवार पुत्रों व पुत्रवधू संग सम्मिलित हो सेवा कार्य किया। अपना आशियाना की टीम ने सेवा कार्य करते रहने के संदर्भ में धन्यवाद स्वरूप प्रियंका कठपाल को स्मृतिचिह्न भेंट करते हुए सम्मानित किया।

# राज्य चुनाव आयोग ने 5 नगर निगमों, 3 नगर परिषदों और 26 नगर समितियों में मतदाता सूचियों को अपडेट करने के लिए जारी किए निर्देश

**एसबी संवाददाता**

**चंडीगढ़।** हरियाणा राज्य चुनाव आयोग ने 5 नगर निगमों, 3 नगर परिषदों और 26 नगर समितियों के वार्डों में मतदाता सूचियों को अपडेट करने के लिए निर्देश जारी किए हैं। आयोग के प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि अंबाला, फरीदाबाद, गुरुग्राम, मानेसर (गुरुग्राम) और सोनीपत के नगर निगमों के वार्डों तथा नगर परिषद अंबाला सदर, पटौदी जटौली मण्डी और सिरसा के वार्डों की मतदाता सूचियों को अपडेट किया जाएगा।

इसके अलावा, अंबाला की बराड़ा, भिवानी जिले की बवानी खेड़ा, लोहारू व सिवानी, जिला फतेहाबाद की जाखल मण्डी, जिला गुरुग्राम की फर्रूखनगर, जिला हिसार की नारनौंद, जिला झज्जर की बेरी, जिला जींद की जुलाना व सफीदों, जिला कैथल की कलायत, सीवन व पुंडरी, जिला करनाल की इंद्री, नीलोखेड़ी, असंध व तरावड़ी, जिला कुरुक्षेत्र की इस्माइलाबाद व लाडवा, जिला महेंद्रगढ़ की अटेली मंडी व कनीना, जिला नूहं की तावडू, जिला पलवल की हथीन, जिला रोहतक की कलानौर, जिला सोनीपत की खरखौदा और जिला यमुनानगर की रादौर नगर समिति के वार्डों की मतदाता सूचियों को भी अपडेट किया जाएगा। प्रवक्ता ने बताया कि 9 दिसंबर से 16 दिसंबर, 2024 तक उपरोक्त नगर निगमों तथा नगर परिषदों/समितियों के वार्डों में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार मतदाता सूचियों और सभी अनुपूरकों को वितरित किया जाएगा। दावे और आपत्तियों को आमंत्रित करने के लिए वार्डवार मतदाता सूची का प्रकाशन 17 दिसंबर, 2024 को किया जाएगा। दावे व आपत्तियां पुनरीक्षण प्राधिकारी के समक्ष 23 दिसंबर, 2024 तक प्रस्तुत किए जाएंगे। पुनरीक्षण प्राधिकारी द्वारा दावों और आपत्तियों का निपटान 27 दिसंबर, 2024 तक किया जाएगा।

प्रवक्ता ने बताया कि पुनरीक्षण प्राधिकारी के आदेशों के विरुद्ध उपायुक्त को अपील करने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर, 2024 है। उपायुक्त द्वारा अपीलों के निपटान की अंतिम तिथि 3 जनवरी, 2025 है। मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन 6 जनवरी, 2025 को किया जाएगा।

# पूरे हलके में करवाया जाएगा एक समान विकास, मूलभूत सुविधाओं में होगा विस्तारः भगवानदास कबीरपंथी



**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**करनाल।** विधायक भगवान दास कबीरपंथी ने कहा कि नीलोखेड़ी क्षेत्र में विकास कार्यों को गति प्रदान की जाएगी। विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं रहेगी। पूरे हलके में एक समान विकास करवाया जाएगा तथा मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं को प्राथमिकता पर हल किया जाएगा।

नीलोखेड़ी के विधायक भगवान दास कबीरपंथी बुधवार को नीलोखेड़ी नगरपालिका क्षेत्र में लगभग साढ़े तीन करोड़ की लागत से होने वाले विकास कार्यों के शुभारंभ अवसर पर उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने नीलोखेड़ी नगरपालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 1, 3 व 7 में इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक के माध्यम से विभिन्न गलियों के निर्माण तथा विकास से संबंधित अन्य निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया और नारियल फोडकर निर्माण कार्य की विधिवत शुरूआत की। विधायक ने कहा कि हरियाणा सरकार ने पूरे प्रदेश में समान विकास किया है। यही कारण है कि जनता ने हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों में इन्हीं विकास कार्यों पर मुहर लगाई है और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा ने तीसरी बार सरकार बनाई है, इसके लिए आमजन को मेरी ओर से धन्यवाद है। यह विकास का पहिया आगामी समय में भी इसी प्रकार घूमता रहेगा। आमजन की जरूरतों को ध्यान में रख विकास कार्यों को गति प्रदान की जाएगी। मूलभूत सुविधाओं में भी विस्तार जारी रहेगा। आमजन की समस्याओं को भी प्राथमिकता पर हल किया जा रहा है, इसके लिए अधिकारियों को समाधान शिविर लगाने के भी निर्देश दिए गए हैं। इन समाधान शिविरों के माध्यम से भी आमजन की सुनवाई हो रही है।

# आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करें अधिकारीः जगमोहन आनंद

**■ पात्र व्यक्ति को मिले सरकारी योजनाओं का लाभ**



**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**करनाल।** विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि अधिकारी व कर्मचारी आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करें। पात्र व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ मिले। उसे योजनाओं का लाभ लेने के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े। अधिकारी जनहित के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें।

विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा नगर निगम कार्यालय और लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविरों का आयोजन सुबह 10 बजे से 12 बजे तक किया जा रहा है। कोई भी व्यक्ति अपनी समस्या को लेकर सीधे वहां शिकायत दे सकता है और सभी विभागों के अधिकारी वहां मौजूद रहते हैं। उन्होंने कहा कि आमजन सेक्टर-13 स्थित उनके कैंप कार्यालय पर भी अपनी शिकायतों को लेकर आ सकते हैं। उन्होंने अपील की है कि जो भी व्यक्ति अपनी शिकायत लेकर आएं, वह लिखित शिकायत को ही दे। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में निरंतर विकास कार्य किए जा रहे हैं। करनाल वासियों को आए दिन किसी न किसी विकास परियोजना की सौगात मिलती रहती है। करनाल की जनता से जुड़ी मांगों को वे हरियाणा विधानसभा में उठाते रहेंगे।

# सिवरेज पाइप दबाने के बाद मिट्टी उठाना भूला विभाग

## नालियों का पानी घुसा घरों में, नागरिक परेशान



राजौंद के वार्ड 11, लाहोरियां वाली गली सिवरेज कार्य से अवरूद्ध।

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**राजौंद।** राजौंद के वार्ड 11, मेन बाजार, लाहोरिया वाली गली में सिवरेज पाइपलाइन दब चुकी है। मेन हॉल बन चुके हैं। मिट्टी के कारण गली की दोनों तरफ की नालियां बन्द हो गई है। विभाग द्वारा अभी तक मिटटी नहीं उठाई गई है। जिस कारण से नालियों का पानी घरों में घुसने लगा है। जिससे नागरिक परेशान है। नागरिक बिमला देवी, काला राम शर्मा, जौगिन्द्र शर्मा, सोनू, सीमा रानी ने कहा कि स्कूल जाते बच्चें फिसल कर गिर रहे हैं। गली से आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है नागरिकों ने नगर पालिका राजौंद व जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग से विरोध किया है कि इस गली को क्लियर करवाए। नालियों को साफ करवाए। गली से मिट्टी उठवाएं व बंद हो चुकी नालियों को साफ करवाएं। परेशान नागरिकों ने बताया कि बंद हो चुकी नालियों का पानी घरों में घुसने लगा है। जिससे इस गली के सभी नागरिक परेशान है।

मामले के बारे में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जेई राहुल कैरो से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मिट्टी को कल उठवा दिया जाएगा।

# जगतगुरु स्वामी ब्रह्मानंद के दिखाए मार्ग पर चलते निःस्वार्थ भाव से मानवता की सेवा करनी चाहिएः बालेश्वर आनंद

## गांव लालैन के गुरु ब्रह्मानंद आश्रम में की गई गुरु ब्रह्मानंद मूर्ति की स्थापना



**एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजय गर्ग**

**असंध।** उपमंडल के गांव लालैन में जगतगुरू स्वामी ब्रह्मानंद आश्रम में गुरु ब्रह्मानंद की मूर्ति की स्थापना की गई। इससे पहले हवन इस दौरान बनी पुंडरी से गुरु के परम शिष्य स्वामी बालेश्वर आनंद सरस्वती ने पहुंचकर मूर्ति स्थापित करवाई। स्वामी बालेश्वर आनंद ने मूर्ति स्थापना से पहले हवन यज्ञ करवाया। इस दौरान अटूट भंडारे का आयोजन किया गया। बालेश्वर आनंद सरस्वती ने कहा कि हवन यज्ञ करने से हमारे आसपास की नाकारात्मक शक्तियों का खात्मा होता है। वातावरण व मन की शुद्धी होती हैं।

उन्होंने कहा कि सभी को जगतगुरु स्वामी ब्रह्मानंद के दिखाए मार्ग पर चलते निःस्वार्थ भाव से मानवता की सेवा करनी चाहिए। गुरु ब्रह्मानन्द ने अपना पूरा जीवन मानव कल्याण की सेवा व सुधार में लगा दिया। इस दौरान कार्यक्रम में पहुंचे ब्लॉक समिति असंध के चेयरमैन प्रतिनिधि विक्रमजीत राणा ने कहा कि हमें गुरुओं और संतों द्वारा दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने आश्रम में चारदीवारी, ब्लॉक लगवाने और गेट व ग्रिल ब्लॉक समिति की तरफ से लगवाने का आश्वासन दिया। सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश ने कमेटी मेंबरों को सम्मानित किया। इस दौरान कमेटी द्वारा मंदिर निर्माण करने वाले मिस्त्रियों को भी सम्मानित किया। इस दौरान श्रदालुओं ने जगतगुरु सरस्वती ब्रह्मानंद की मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद लिया और समस्त मानवता के सुखमय जीवन की कामना की।

इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधी ओमप्रकाश, उदय गोलन, नन्हा राम, जोगिंद्र सिंह, जगदीश, रविन्द्र, संदीप, प्रदीप गोलन, सचिन, जयपाल, रोहताश, जयपाल, सतपाल, सुमित गोलन, रामचंद्र, जगदीश, प्रवीण सहित महिलाएं भी मौजूद रही।

# हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का 19 जनवरी को होगा मतदानः आरओ सत्यवान सिंह मान

**एसबी संवाददाता**

**कैथल।** कलायत एसडीएम एवं हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एचएसजीएमसी) कांगथली-21 के रिटर्निंग अधिकारी सत्यवान सिंह मान ने कहा कि 19 जनवरी 2025 को एचएसजीएमसी के चुनाव होंगे। चुनाव के संबंध में 18 दिसंबर को अधिसूचना प्रकाशित होगी। नोटिफिकेशन के अनुसार आगामी 20 दिसंबर से 28 दिसंबर तक खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी के कार्यालय में नामांकन दाखिल किए जाएंगे।

रिटर्निंग अधिकारी सत्यवान सिंह मान ने बताया कि 30 दिसंबर को नामांकनों की स्क्रुटनी की जाएगी। एक जनवरी 2025 को दोबारा जांच के लिए भेजी जाने वाले नामांकन पत्रों की जांच होगी। दो जनवरी दोपहर 3 बजे तक नामांकन पत्र वापिस ले सकते हैं और 3 बजे के बाद चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। साथ ही वैलिड नामांकनों की भी सूची जारी की जाएगी। इसके अलावा पोलिंग स्टेशनों की भी सूची जारी की जाएगी। उन्होंने बताया कि 19 जनवरी को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा और मतदान के तुरंत बाद मतगणना होगी, जिसके बाद उसी दिन रिजल्ट भी जारी कर दिया जाएगा।

रिटर्निंग अधिकारी सत्यवान सिंह मान ने बताया कि नामांकन पत्र भरने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी को नामांकन की अंतिम तिथि से पहले निर्वाचन अधिकारी के पास पांच हजार रुपये का शुल्क जमा करना होगा तथा मतदान मशीनों (ईवीएम) का उपयोग करके चुनाव कराया जाएगा। चुनाव कार्यक्रम के अनुसार प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न के लिए गुरुद्वारा चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित प्रतीक चिह्नों में से तीन को वरीयता क्रम में भरना होगा। संबंधित वार्ड की मतदाता सूची में शामिल अमृतधारी सिख ही चुनाव लड़ सकेंगे। इसके अलावा अन्य शर्तों एवं नियमों की जानकारी नोटिफिकेशन में दी गई है।

# राजौंद में नपा प्रशासन अतिक्रमण को लेकर सख्त

## नपा प्रशासन ने पुलिस सहयोग से दुकानों के आगे से हटाया अतिक्रमण



**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**राजौंद।** नपा राजौंद ने पुलिस प्रशासन राजौंद के सहयोग से महाराणा प्रताप चौक, पुंडरी मार्ग की दुकानों के आगे लगी रेहडी- फड़ी के अतिक्रमण को हटाया। सूचना के अनुसार पिछले दिनों पुंडरी मार्ग के दुकानदारों ने दुकानों के आगे लगी रेहड़ी व फड़ी हटाने के लिए नपा प्रशासन से अनुरोध किया था। जिस पर प्रशासन द्वारा संज्ञान लेते हुए नगर पालिका सचिव के आदेश पर अतिक्रमण हटाया गया है।

नगर पालिका के सेनेटरी इंस्पेक्टर प्रदीप लोहट ने बताया कि महाराणा प्रताप चौक व पुंडरी रोड के दोनों साइड के दुकानों के आगे अतिक्रमण की वजह से भीड़भाड़ बनी रहती थी जिसके कारण दुर्घटना का भय बना रहता था। क्योंकि सड़क के किनारे रेहड़ियां लगाकर अतिक्रमण किया जा रहा था। मंगलवार सुबह जेसीबी की सहायता से अतिक्रमण हटा दिया गया। दूसरी तरफ इस सड़क के साथ-साथ नालों की सफाई का कार्य पिछले कई दिनों से चल रहा है, दुकानों के आगे बने नालों की सफाई की जा रही है। नगर की सड़कों पर भीड़ की स्थिति ना हो। ध्यान में रखते हुए जल्दी ही नालों की सफाई का कार्य पूरा होने पर सड़क निर्माण कार्य भी जल्दी शुरू होने की सम्भावना है।

नगर पालिका सेनेटरी इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार व थाना प्रभारी इंस्पेक्टर इंद्र सिंह ने दुकानदारों से अनुरोध किया है कि वे नालों के ऊपर अवैध कब्जा, अतिक्रमण न करें। दुकानों के आगे रेडी फड़ी वालों को न खड़ा होने दें। इससे मार्ग अवरूद्ध हो जाता है। राहगीरों, वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। सड़क पर जाम की स्थिति पैदा हो जाती है।

नपा सचिव नरेंद्र शर्मा ने बताया कि असंध-कैथल मार्ग के नालों की सफाई का कार्य अंतिम चरण में है। नालों की सफाई होने से सरकारी स्कूल के सामने व जींद मोड़ के पास से नालों का पानी सड़क पर नहीं आता। उन्होंने कहा कि अब नियमित रूप से नालों की सफाई करवाई जाती रहेगी। नपा प्रशासन ने दुकानदारों, नागरिकों से अनुरोध किया है कि साफ सफाई रखने में नपा प्रशासन का सहयोग करें। नालों के अंदर पॉलिथीन आदि न डाले। इनसे नाला अवरुद्ध हो जाता है।

घरों व दुकानों का कूड़ा कचरा डस्टबिन में इकट्ठा करके हमेशा ही डोर टू डोर वाले वाहन में डालें। नगर में सफाई व्यवस्था कायम रखने में नपा प्रशासन राजौंद का सहयोग करें।

# कैथल जिला को नशा मुक्त बनाने के लिए आमजन करें सहयोगः एसपी कैथल



नशा ना करने बारे जागरूक करती कैथल पुलिस टीम। (छायाः एसबी)

**■ सांघन, पाडला, गुहणा, सजुमा, कुतेबपुर व बैंक कालोनी कैथल में आमजन को नशा ना करने बारे किया जागरूक**

**एसबी संवाददाता**

**कैथल।** कैथल जिला को नशा मुक्त बनाने के दृढ़ संकल्प के साथ पुलिस विभाग द्वारा हर प्रकार के नशे से बचाने के लिए नशा मुक्त अभियान का आगाज जारी है। एसपी राजेश कालिया के आदेशानुसार डीएसपी कुलदीप बेनीवाल के नेतृत्व में गठित की गई एसआई कर्मबीर सिंह, एएसआई ओमप्रकाश, एचसी सुनील कुमार, महिला सिपाही रीतु तथा होमगार्ड शमशेर सिंह की टीम गांव गांव जाकर विभिन्न प्रोग्रामों के माध्यम से युवाओं सहित आमजन नशा के दुष्परिणामों बारे अवगत करवाते हुए नशा ना करने बारे लगातार जागरूक किया जा रहा है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बुधवार को उक्त पुलिस टीम ने सांघन, पाडला, गुहणा, सजुमा, कुतुबपुर व बैंक कॉलोनी कैथल में आमजन को नशा ना करने बारे जागरूक किया।

एसपी राजेश कालिया ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है। इसका सेवन किसी भी प्रकार से हितकारी नहीं है। नशा शरीर में रोगों तथा आपराधिक गतिविधियों की जड़ है। नशा का सेवन करने वाला व्यक्ति समाज में अपना मान सम्मान खो देता है। नशा से आर्थिक नुकसान के साथ साथ शारीरिक नुकसान भी होता है। इस बुराई के खिलाफ सामाजिक आंदोलन चलाने की जरूरत है। नशा मुक्ति अभियान की सफलता के लिए हम खुद सही होंगे तो समाज खुद-ब-खुद सुधर जाएगा। नशा मुक्ति के लिए समाज सहयोग चाहिए होगा। पुलिस विभाग द्वारा नशा तस्करों पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। किसी भी प्रकार के नशा तस्कर की सूचना तुरंत पुलिस प्रशासन को दें। गावों में युवाओं को नशे की लत से बचाने के लिए निरंतर तौर पर खेल प्रतियोगिताएं करवाएं।

# नागरिक कार्यालय में सिंगल यूज प्लास्टिक का न करें प्रयोगः वैशाली शर्मा



**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**


**करनाल।** नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि नगर निगम कार्यालय को जीरो वेस्ट कार्यालय बनाया गया है। इसके साथ-साथ कार्यालय को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त भी घोषित किया गया है।

इस बारे उन्होंने जानकारी देते बताया कि सेक्टर-12 स्थित नगर निगम कार्यालय जीरो वेस्ट तथा एकल प्रयोग प्लास्टिक मुक्त हो चुका है। उन्होंने बताया कि कार्यालय में पांच प्रकार के डस्टबिन रखे गए हैं, जिनमें अलग-अलग कचरा पृथक्करण करके प्रयोग में लाया जा रहा है। इस बारे निगम में कार्यरत सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है।

निगमायुक्त ने कार्यालय को भविष्य में इसकी निरंतरता बनाए रखने के लिए आदेश भी जारी किए हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्यालय में किसी भी प्रकार की सिंगल यूज प्लास्टिक जैसे कि छोटी पानी की बोतल, पॉलीथिन, छोटे प्लास्टिक के कप व किसी भी दृष्टिद्द से सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न किया जाए। सभी प्रकार के कचरे को अलग-अलग करके अलग-अलग कूड़ेदान में ही डाला जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी के कार्यालय में उपरोक्त वस्तुएं पाई जाती हैं या अधीनस्थ स्टाफ द्वारा कचरे को अलग-अलग नहीं किया जाता तो उनके विरूद्ध अनुशानात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने सहायक अभियंता विद्युत तथा एआईटीएम को आदेश दिए कि कार्यालय से निकलने वाले हर तरह के इलेक्ट्रिक या इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट को काले रंग के कूड़ेदान में ही एकत्र किया जाए तथा इसका रिकॉर्ड भी मेंटेन किया जाए। उन्होंने ट्रिगर मास्टर, सभी मोटीवेटर एवं आईईसी एक्सपर्ट को आदेश जारी करते कहा कि कार्यालय से निकलने वाले गीले कचरे को मटका विधि से खाद बनाने में उपयोग में लिया जाए। सूखे कचरे का निपटान करने से पूर्व उसका पूर्णतः रिकॉर्ड रखा जाए। हानिकारक कचरे को लाल तथा बॉयोमेडिकल वेस्ट को पीले रंग के कूड़ेदान में एकत्र किया जाए। महिला शौचालय से निकलने वाले बॉयोमेडिकल वेस्ट का पूर्णतः डिस्पोजल इंसीनरेटर के माध्यम से करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी प्रकार के निपटान किए गए कचरे का रिकॉर्ड मेंटेन किया जाए।

निगमायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने नागरिकों से अपील करते कहा कि अपने कार्य के लिए नगर निगम कार्यालय में आते समय सिंगल यूज प्लास्टिक से निर्मित वस्तुएं ना लेकर आएं। नागरिक कार्यालय में रखें कूड़ेदान का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से ही इस कार्य में सफलता हासिल की जा सकती है।

# जिले के समाधान शिविरों में आई 27 शिकायतें, 21 का हुआ मौके पर समाधान



**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**कैथल।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार तथा डीसी प्रीति के मार्गदर्शन लघु सचिवालय के साथ-साथ उप मंडल स्तर पर सुबह 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिले के सभी समाधान शिविरों में कुल 27 शिकायतें आई, जिनमें से 21 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। अन्य शिकायतों के त्वरित निपटान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। लघु सचिवालय में आयोजित जिला स्तरीय समाधान शिविर में 17 शिकायतें आई, जिनमें से 12 का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। कलायत एसडीएम कार्यालय में कुल दो शिकायतें दर्ज की गई, इसमें से एक का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। वहीं गुहला एसडीएम कार्यालय में आठ शिकायतें आई, सभी का मौके पर ही समाधान किया गया।

डीसी प्रीति ने कहा कि समाधान शिविर हरियाणा सरकार की एक अच्छी पहल है। आमजन को एक ही छत के नीचे सभी विभागों से जुड़े अधिकारी मौजूद रहते हैं, जिससे किसी समस्या का जल्द समाधान होना संभव हो जाता है। आमजन को इन शिविरों का लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने बताया कि इन समाधान शिविरों में परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी, जमीन की रजिस्ट्री, शहरी निकाय विभाग से एनडीसी लेने, नक्शे की मंजूरी, पेंशन, राशन कार्ड एवं सार्वजनिक वितरण व्यवस्था, अपराध, बिजली-पानी संबंधी आदि शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया जा रहा है।

# हरियाणा सिख गुरूद्वारा प्रबन्धक कमेटी वार्ड नं. 18 के सदस्य के निर्वाचन के लिए नांमाकन 20 से 28 दिसम्बर तकः एसडीएम

## 19 जनवरी को प्रातः 8 बजे से सांय 5 बजे तक होगा मतदान-एसडीएम



**एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजय गर्ग**

**असंध।** रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम असंध राहुल (आईएएस) ने बताया कि हरियाणा सिख गुरूद्वारा प्रबन्धक कमेटी वार्ड नं. 18 के सदस्य का निर्वाचन होना है जिसके लिए नामानिर्देशन-पत्र रिटर्निंग ऑफिसर को या खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, असन्ध सहायक रिटर्निंग ऑफिसर को अभ्यर्थी या (उसके किसी प्रस्थापक द्वारा) दिनांक 20 दिसम्बर से 28 दिसम्बर 2024 तक (लोक अवकाश दिनांक 22 व 25 दिसम्बर 2024 को छोडकर) किसी भी दिन प्रातः 11 बजे से 3 बजे अपराह्न तक उपमण्डल अधिकारी (ना0) असन्ध के न्यायालय कमरा न. 2 में परिदत्त किए जा सकेंगे।

इसके अतरिक्त उन्होंने बताया कि नामानिर्देशन-पत्र के प्ररूप 04 पूर्वोक्त स्थान और समय पर अभिप्राप्त किए जा सकेंगे और नामा निर्देशन-पत्र की संवीक्षा उपमण्डल अधिकारी (ना0) असन्ध के कमरा न. 2, में दिनांक 30 दिसम्बर 2024 को प्रातः 11 बजे की जाएगी तथा रिटर्निंग अधिकारी के निर्णय के विरूद्ध सुनवाई उपायुक्त करनाल के समक्ष प्रस्तुत करने की तिथि 31 दिसम्बर 2024 है, जिसमें उपायुक्त करनाल द्वारा निर्णय करने के लिए तिथि 01 जनवरी 2025 है।

इसके अतरिक्त अन्तिम रूप से वैध नामनिर्देशन पत्र की सूची दिनांकः 01 जनवरी 2025 को उपलब्ध होगी। अभ्यर्थिता वापस लेने की सूचना या तो अभ्यर्थी द्वारा या उसके किसी प्रस्थापक द्वारा या उसके निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा जो अभ्यर्थी द्वारा उसे परिदत्त करने के लिए लिखित में प्राधिकृत किया गया हो, विनिर्दिष्ट ऑफिसरों में से किसी को उसके कार्यालय में 02 जनवरी 2025 को दोपहर 3 बजे अपराह्न से पूर्व परिदत्त की जा सकेगी तथा निर्वाचन लड़े जाने की दशा में 19 जनवरी 2025 को प्रातः 8 बजे और सायं 5 बजे के बीच मतदान होगा और मतगणना दिनांक 19 जनवरी 2025 को चुनाव समाप्ति के तुरन्त पश्चात सम्बन्धित मतदान केन्द्रों पर की जाएगी।


## आवश्यक सूचना

**तेजी** से बढते राष्ट्रीय हिंदी दैनिक समाचार पत्र, **'संजना भारती'** को चंडीगढ़, पंचकुला सहित पूरा हरियाणा, पंजाब में जिला स्तर, तहसील स्तर, खंड स्तर पर पत्रकार/कोर्सपोंडेट/ प्रतिनिधि, जिला प्रभारी की जरूरत है।

**संजना भारती समाचार पत्र, RNI Registered है।**

**भारत सरकार व हरियाणा सरकार के पैनल पर है।**

मीडिया में काम करने वाले, अनुभवी को प्राथमिकता दी जाएगी।

चयनित आवेदकों को आई कार्ड व प्रमीशन पत्र/

DIPRO लैटर जारी किया जाएगा।

**इच्छुक आवेदक**

फोटो सहित कम्पलीट बायोडाटा/आवेदन

**चीफ सम्पादकः दैनिक संजना भारती, समाचार पत्र नई दिल्ली** के नाम पर **कार्यालय वाटसेप नम्बरः 94663-09795 पर भेजें।**


# प्रतियोगिता में भाग लेने से बच्चों को मिलती है जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणाः सुखपाल सिंह मान

## हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता में जे.पी.एस. अकादमी की टीम प्रथम स्थान पर रही




**एसबी संवाददाता**

**असंध।** डी.ए.वी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में सहोदय स्कूल अंतर विद्यालयी हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में क्षेत्र के आठ स्कूलों के 16 बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में जे.पी.एस. अकादमी की टीम प्रथम स्थान, विवेकानंद विद्या निकेतन की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल की भूमिका राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के डॉ.प्राध्यापक भूपेंद्र सिंह व डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल की प्राध्यापिका वीना खुराना ने निभाई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य सुखपाल सिंह मान ने की। श्रीमती रूही वर्मा ने टाइम कीपर की भूमिका निभाई। मंच का संचालन रमेश कुमार शास्त्री ने किया। डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य सुखपाल सिंह मान प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि प्रतियोगिताओं में भाग लेने से बच्चों मनोबल बढ़ता है और जीवन में कुछ नया व बेहतर करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न कलात्मक व अन्य प्रतियोगिताओं में भाग लेने से बच्चों का न केवल बौद्धिक विकास होता है बल्कि उनमें नए जोश व मनोबल को भी बढ़ावा मिलता है।